हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 30 मार्च 2024, समय 1305 (5 मिनट))

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और प्रख्यात वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को मरणोपरान्त भारत रत्न दिया जाएगा। पूर्व उप-प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता एल.के. आडवाणी को भी देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

....

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालयों में ढांचागत सुविधाओं, पुस्तकालय तथा पाठ्येतर गतिविधियों पर बजटीय आवंटन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को अच्छी सुविधाएं मिले। विद्यार्थी ज्यादा समय पुस्तकालयों में बिताएं और पाठ्येतर गतिविधियों, विशेष रूप से खेल गतिविधियों से खुद को जोड़े।

राज्यपाल, जोकि हरियाणा के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी है, kal फरीदाबाद के जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय कोर्ट की 12वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा भी मौजूद रहे ।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा की आधारभूत सुविधा जितनी बेहतर होंगी, शिक्षा की गुणवत्ता उतनी बढ़ेगी। इसलिए, विश्वविद्यालयों को बेहतर ढांचागत व्यवस्थाओं को लेकर कार्य योजना बनानी चाहिए और इसमें सुधार करने पर बल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, पुस्तकालय भी आधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित होने चाहिए। पुस्तक कोष में नई पुस्तकों को समय-समय पर शामिल किया जाना चाहिए। पुस्तकालयों में ऐसी व्यवस्था हो, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी पुस्तकालयों की सुविधाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने शिक्षकों से

आह्वान किया कि वे पढ़ाते समय विद्यार्थियों को पुस्तक संदर्भ जरूर दें ताकि वे विषय को लेकर बेहतर समझ बना सकें।

राज्यपाल ने पाठ्येतर गतिविधियों, विशेष रूप से खेलों से विद्यार्थियों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में खेल गतिविधियों को विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य बनाये और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी मैदान पर कुछ समय बिताये।

इससे पहले कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति एवं भावी कार्य योजना से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की कैमिकल इंजीनियरिंग तथा एरोस्पेस इंजीनियरिंग के विषयों में नये पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है।

....

हरियाणा में इस रबी सीजन में गेहूं की ख़रीद एक अप्रैल से शुरू होगी जबकि सरसों की ख़रीद 26 मार्च से शुरू हो चुकी है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में गेहूं की ज्यादा आवक होने की उम्मीद है, जिसे देखते हुए गेहूं की ख़रीद के लिये 417 मंडिया और खरीद केंद्र बनाए गए हैं। मंडियों में खरीद के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार भी फसल खरीद का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 48 से 72 घंटे के अंदर-अंदर सीधे किसानों के खातों में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा ने कल चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के साथ खरीद की तैयारियों के संबंध में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि डॉ सुमिता मिश्रा के निर्देशानुसार चार खरीद एजेंसियां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा राज्य भंडारण निगम और भारतीय खाद्य निगम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर

फसलों की खरीद करेगी। ज़िला प्रभारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने अपने जिलों में मंडियों का निरीक्षण किया जाएगा।

मंडियों में मौसम को देखते हुए फसल की सुरक्षा के लिए मंडियों में तिरपाल, हैल्पडेस्क और पेयजल व शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक वेटब्रिज की व्यवस्था की गई है।

....

हरियाणा राज्य मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की फरीदाबाद शाखा द्वारा रोशन नगर से एक तस्कर को गिरफ्तार कर उससे करीब 2 लाख रुपये का 11 किलो 790 ग्राम गांजा बरामद किया है। उप निरीक्षक कीमती लाल के अनुसार तस्कर को एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान मध्यप्रदेश के देवास निवासी अनिल के तौर पर हुई है, जो रोशन नगर में रह रहा है।

उन्होंने बताया कि उसकी साथी महिला भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकली। आरोपी को लें जाते वक्त कुछ अन्य लोगों द्धारा पुलिस गाड़ी पर पथराव भी किया गया।

आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत से रिमांड पर लिया गया है।

....

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने बताया कि पंचकूला स्थित जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच एक, 8, 15 और 22 अप्रैल को कुरूक्षेत्र, पंचकूला, अंबाला, कैथल और यमुनानगर प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा।

उन्होंने बताया कि इन जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान बिजली चोरी, बिजली के दुरूप्योग और घातक गैर-घातक दुर्घटना आदि मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा।